वर्ष : 1, अंक: 103 इंदौर, सोमवार 14 अप्रैल 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
DIGITAL EDITION

# ..Google..

## से प्राप्त कस्टमर केयर/हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के पहले ध्यान रखें ?

Google से सर्च नंबर से वर्ष 2025 में 112 शिकायतों में 51 लाख 17 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी हुई थी।

शिकायतों से संबंधित ठगो के बैंक अकाउंट फ्रिज कराने सहित 30% से अधिक फ्रॉड राशि आवेदकों को कराई गई रिफंड।

ठग द्वारा आवेदकों से उनकी समस्या के हिसाब से झूठ बोलकर किया था ऑनलाइन फ्रॉड।

ठग ने आवेदक को अलग-अलग झूठ बोलकर पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए रुपए प्राप्त कर, की थी ठगी।

NCRP पोर्टल एवं Cyber Helpline. 704912-4445 पर पर प्राप्त शिकायत पर तुरंत कार्यवाही कर रिफंड कराये रुपए।




**रंजीत टाइम्स» » आदित्य शर्मा**

इंदौर - क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन पोर्टल पर सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायते प्राप्त होती है, जिसपर क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा लगातार आवेदकों के साथ हुए फ्रेड की राशि रिफंड कराई जा रही है, इसी अनुक्रम में कई आवेदकों के द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायत की गई थी जिसमे से कुछ आवेदक से फ्राड की संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की जिसमे ज्ञात हुआ कि (1). आवेदक विजय(परिवर्तित नाम) के द्वारा Google पर सर्च कर हल्दीराम की फ्रेंचाइजी लेने के लिए संपर्क करते, अज्ञात ठग से संपर्क हुआ, ठग द्वारा फ्रेंचाइजी का एडवांस पेमेंट के रूप में आवेदक को झूठ बोलकर झांसे में लेते हुए 2 लाख 36 हजार रुपए प्राप्त कर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

(2). आवेदक मोहन (परिवर्तित नाम) के द्वारा SBI बैंक का क्रेडिट कार्ड बंद कराने की हेतु Google पर सर्च करते ठग से संपर्क हुआ ठग द्वारा क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम से आवेदक कोन झांसे में लेते हुए Apk. सॉफ्टवेयर फाईल डाउनलोड करवाकर आवेदक का मोबाईल रिमोटली एक्सेस करते हुए आवेदक के 94,000 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी की गई।

(3). आवेदिका मेघा (परिवर्तित नाम) के द्वारा meshoo ऐप से शॉपिंग की गई थी जिसमें आवेदिका को प्रोडक्ट रिटर्न करने के लिए Google पर meshoo कंपनी का कस्टमर केयर नंबर सर्च करते ठग से संपर्क हुआ ठग द्वारा आवेदक को झांसे में लेते हुए, UPI पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए पेमेंट भेजने के नाम से, ठग द्वारा आवेदक के 34,000 हजार रुपए ऑनलाइन प्राप्त कर ठगी की गई।

(4). आवेदक राजेश (परिवर्तित नाम) के द्वारा अयोध्या में बिरला धर्मशाला की वेबसाइट से रूम बुक करने के लिए Google पर होटल का नंबर सर्च करते ठग से संपर्क हुआ ठग द्वारा आवेदक को झांसे में लेते हुए, एडवांस पेमेंट के रूप में 34,200 हजार रुपए ऑनलाइन प्राप्त किए परन्तु जब आवेदक अयोध्या पहुंचा ओर होटल में सम्पर्क किया तो उसे ज्ञात हुआ कि मेरी होटल बुकिंग नहीं हुई है किसी अज्ञात ठग द्वारा ठगी की गई।

(5). आवेदक राकेश (परिवर्तित नाम) के द्वारा यूको बैंक का google से लोन डिपार्टमेंट का सर्विस नंबर प्राप्त करते ठग से सम्पर्क हुआ ठग द्वारा आवेदक से लोन हेतु प्रोसेसिंग फीस के रूप में 52,036 रुपए ऑनलाइन प्राप्त कर ऑनलाइन ठगी की गई।

# संपादकीय

## बाबासाहेब

### विचार नहीं, क्रांति का नाम है"



## डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर

एक ऐसा नाम, जो सिर्फ संविधान निर्माता नहीं बल्कि सामाजिक चेतना के अग्रदूत थे। उन्होंने न केवल भारत को एक वैज्ञानिक सोच, समानता का अधिकार और न्याय आधारित व्यवस्था दी, बल्कि उन करोड़ों दबे-कुचले लोगों को आवाज़ दी, जिनकी पहचान समाज ने छीन ली थी। आंबेडकर जी का जीवन एक संघर्ष नहीं, संघर्षों की श्रृंखला था। बचपन में भेदभाव, शिक्षा में अवरोध, नौकरी में असमानता और राजनीति में बहिष्कार — उन्होंने सबका सामना किया, लेकिन कभी झुके नहीं। उनकी सबसे बड़ी देन — भारत का संविधान — आज भी दुनिया के सबसे लोकतांत्रिक दस्तावेज़ों में से एक है। "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का उनका मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता के बाद था। आज जब समाज फिर से जातिवाद, असमानता और पक्षपात की ओर झुकता दिखाई देता है, तब बाबासाहेब के विचारों की रोशनी में चलना और भी आवश्यक हो गया है। आंबेडकर सिर्फ अतीत की विरासत नहीं, भविष्य का रास्ता हैं।

रंजीत टाइम्स बाबासाहेब को शत्-शत् नमन करता है और देश के युवाओं से आग्रह करता है कि वे उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारें — क्योंकि वही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**गोपाल गावंडे**

**प्रधान संपादक, रणजीत टाइम्स**

# सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप चलाएंगी, गैस भी बांटेंगी

● भोपाल में अमित शाह बोले-एमपी में हैं काफी संभावनाएं
● सांची दुग्ध संघ और एनडीडीबी के बीच हो गया एमओयू

भोपाल (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एमओयू हुआ। इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग-अलग एमओयू भी किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन-डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के साथ-साथ नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश के सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगी और रसोई गैस का वितरण भी संभालेंगी। शाह ने कहा कि सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है। इससे पहले स्टेट हैंगर पर शाह का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया।



इसके बाद शाह का काफिला रवाना होकर सीएम हाउस पहुंचा, जहां शाह ने सीएम मोहन यादव और उनके साथी मंत्रियों के साथ लंच किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- मध्य प्रदेश के अंदर कृषि, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं। मैं मानता हूं कि हमें हमारी संभावनाओं का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए ढेर सारा काम करने की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि विकास के आयाम, पशुपालन के आयाम, इन सबको एक जगह पर रखकर केंद्रीय स्तर पर कोई विचार नहीं किया। विचार होता भी कैसे। कोई सहकारिता मंत्रालय ही नहीं था। आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर मुझे मंत्री बनाया। मोहन जी कह रहे हैं उन्हें आश्चर्य हुआ तो थोड़ा मुझे भी आश्चर्य हुआ। साढ़े तीन साल के समय में मोदी जी ने खुद बहुत बारीकी से देखकर सहकारिता आंदोलन में बड़ा बदलाव लाने का काम किया।

## सीएम ने कहा- किसानों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे

सीएम ने कहा कि हजारों साल से ऐसा माना जाता था कि हमारे देश में दूध की नदियां बहती थीं। लेकिन गाय माता के दूध के मामले में तो बहुत सावधानी से बोलने की बात थी। मतलब गाय का दूध ही नहीं लेते थे। जब यह बात आ गई कि सिर्फ गाय, भैंस का दूध खरीदेंगे। गाय का दूध खरीदने में हाथ जोड़ते थे। यह बात अलग है की दूध में पानी मिलाकर चला दे, लेकिन कोई दूध उत्पादक घर से गाय का दूध लेने जाए तो गाय का दूध नहीं खरीदते थे। सरकार गौ माता का दूध खरीदेगी और किसानों की जिंदगी बेहतर बनाएगी। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि अंबेडकर जयंती पर हमने कामधेनु गोपालन योजना को शुरू की है। कल सेवा योजना शुरू हो जाएगी। यदि कोई 25 गौ माता पालेगा तो उसे 25 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। हमारे कृषि विकास दर में अद्भुत पहचान बनी है, लेकिन दूध उत्पादन 9 फीसदी से बढ़ाकर 24 फीसदी करना है।

# महाकाल को ठंडक देने लगी हैं 11 'गन्तिकाएं'

● चिलचिलाती गर्मी में अब कूल-कूल रहेगा गर्भगृह ● गर्मी से हाल बेहाल महाकाल में शुरू हुई नई परंपरा

भोपाल। गर्मी के तेवर बढते ही उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के पंडों और पुजारियों ने भगवान महाकाल को ठंडक के लिए जतन प्रारंभ कर दिए हैं। परम्परा अनुसार मन्दिर में बाबा महाकाल को सहस्त्र जल धारा चढाई जा रही है। प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से राजा महाकाल को गर्मी से निजात के लिए सतत जल धारा के माध्यम से ठंडक दी जाती है। शिवलिंग के ऊपर कई मटकियां लगाई गई है जिनके द्वारा ठंडा पानी सतत गिर रहा है। दरअसल गर्मी आते ही जहां एक ओर लोग घर में ठंडक के लिए कूलर, एसी व अन्य राहत की चीजों का इंतजाम कर रहे हैं। वहीं भगवान को गर्मी से बचाने के लिए पुजारियों द्वारा भी कई प्रकार के जतन किये जा रहे हैं। उज्जैन के महाकालेश्वर मन्दिर में बाबा भोलेनाथ को जल धारा के माध्यम से ठण्डक पहुचाने का काम प्रारंभ किया जा रहा है। पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि यहां बाबा महाकाल को गर्मी से निजात दिलाने के लिए परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण प्रतिपाद से जल धारा प्रारंभ की जाती है। जल धारा का यह क्रम ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तक सतत जारी रहता है। आज 13 अप्रैल को शुरू की गई ये जल धारा का क्रम प्रतिदिन 11 जून तक चलेगा। बाबा को जलधारा चढ़ाने के लिए शीर्ष पर ग्यारह मटकियां बांधी गई हैं। इन मटकियों को गन्तिकाएं भी कहा जाता है। मटकियों में अलग-अलग पवित्र नदियों का जल भरा गया है।



# वक्फ बिल पर बवाल, उबल पड़ा बंगाल

● टीएमसी सांसद यूसुफ पठान ने चाय पीते फोटो पोस्ट की ● भाजपा का आरोप- हिंदुओं के कत्लेआम का मजा ले रहे

मुर्शिदाबाद (एजेंसी)। वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। वाहनों को आग लगाई और दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। 300 के करीब सीआरपीएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त वाले इलाकों में इंटरनेट



बैन है। धारा 144 भी लागू है। राज्य में वक्फ कानून के विरोध में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। इस बीच टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने चाय पीते हुए पोस्ट शेयर की, जिस पर विवाद हो रहा है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा- बंगाल जल रहा है। पुलिस चुप है। इन सबके बीच सांसद यूसुफ पठान चाय की चुस्की लेते हुए हिंदुओं के कत्लेआम के पल का आनंद ले रहे हैं। इधर, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की बैठक शुरू हो गई है। वहीं असदुद्दीन ओवैसी ने आज कहा- वक्फ कानून असंवैधानिक है। बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी की भलाई नहीं होगी।



## केंद्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव-डीजीपी से की बात

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को कहा। एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज (शनिवार) की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, केन्द्रीय बल की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा।

# मानसा में खालिस्तानी झंडे वाली रैली रोकी

● सिमरनजीत मान बोले-शांतिपूर्ण रैली की अनुमति मिले ● मान बोले-बंटवारे के समय सिखों की राय नहीं ली गई

मानसा (एजेंसी)। पंजाब के मानसा जिले में पुलिस ने खालिस्तानी झंडे के साथ निकलने वाली रैली को रोक दिया। गांव रड़ से शुरू होने वाली इस रैली में कहीं भी खालिस्तानी झंडा नहीं लहराने दिया गया। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने गांव रल्ला में अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि गुरपतवंत पन्नू को बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ बयान नहीं देना चाहिए। मान ने बैसाखी के मौके पर कहा कि यह सिखों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। पहले बैसाखी पाकिस्तान में मनाई जाती थी। अब तख्त श्री दमदमा साहिब में मनाई जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान को अलग करते समय सिखों की राय नहीं ली गई। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि सरकार कभी भी सिखों के हितों की बात नहीं करती।



# एमपी में वक्फ एक्ट के बाद पहली बड़ी 'कुर्बानी'

● पन्ना में 30 साल पुराना मदरसा टूटा, संचालक ने खुद ही तोड़ा

भोपाल। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में शनिवार को एक बड़ी घटना हुई। एक अवैध मदरसा, जिसे बिना अनुमति के बनाया गया था, उसे खुद ही गिरा दिया गया। यह कार्रवाई इसलिए खास है क्योंकि संसद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पास होने के बाद यह पहली घटना है। बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा को एक स्थानीय मुस्लिम निवासी से शिकायत मिली थी, जिसके बाद प्रशासन ने मदरसा चलाने वालों को नोटिस भेजा था। अधिकारियों ने बताया कि नए कानून के डर से मदरसा संचालक ने खुद ही कार्रवाई कर ली, ताकि प्रशासन को कुछ न करना पड़े। यह मदरसा पन्ना की बीडी कॉलोनी में पिछले 30 सालों से बिना किसी कानूनी अनुमति के चल रहा था। कई बार नोटिस देने के बाद भी संचालक ने कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन, वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने और सख्त कार्रवाई की चेतावनी के बाद, संचालक ने खुद ही बुलडोजर से मदरसा गिरा दिया। अधिकारियों के अनुसार, मदरसा सरकारी जमीन पर बनाया गया था। आस-पास के लोग और समाज



सेवक लंबे समय से इस पर आपत्ति जता रहे थे। शिकायतों के बावजूद, कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। लेकिन, हाल ही में कानून में बदलाव के बाद प्रशासन ने आखिरी नोटिस जारी किया, जिसके बाद मदरसा खुद ही गिरा दिया गया।

मदरसा संचालक का कहना है कि उन्हें पहले स्थानीय ग्राम पंचायत से अनुमति मिली थी। लेकिन, अब यह क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आता है, इसलिए निर्माण को अवैध माना गया। यह मामला लंबे समय से अदालत में था, जिसके कारण पहले प्रशासन कुछ नहीं कर पाया। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में हुए कानूनी बदलावों के बाद प्रशासन ने अंतिम नोटिस जारी किया, जिसके बाद मदरसा संचालक ने खुद ही मदरसा गिरा दिया। वीडी शर्मा ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने अनैतिक गतिविधियों के बारे में चिंता जताई थी।

# गांव की वीरान सड़क पर खड़ा था लावारिस ट्रक

भोपाल। मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में बड़ी संख्या में बबूल और सफेदा की लकड़ी की अवैध तस्करी करते तस्करों को वन विभाग ने पकड़ा है। यह तस्कर जिले में लकड़ियों को अवैध रूप से ले जाकर मध्य प्रदेश से राजस्थान और यूपी में सप्लाई करते थे। अशोकनगर जिला वन विभाग द्वारा जिले के ग्राम महिदपुर-धुर्रा मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप से एक ट्रक बबूल एवं सफेदा की लकड़ी को अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया। मुखबिर की सूचना पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी आकाश साहू ने टीम गठित कर मौके पर रवाना की। टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक की तलाशी ली तो एक ट्रक मिला, जिसमें बबूल एवं सफेदा की लकड़ी भरी पायी गई, जिसके संबंध में ड्राइवर से परिवहन पास मांगा गया तो उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाये गए।

# डॉ आंबेडकर जयंती उत्सव के उपलक्ष में गीता भवन स्थित प्रतिमा पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




**रंजीत टाइम्स» » आदित्य शर्मा**

इंदौर। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।जिसमें जयंती दिवस के एक दिन पूर्व गीता भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतिमा परिसर की साफ सफाई की।डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का पाँच पवित्र नदियों के जल से अभिषेक भी किया गया। इसी के साथ पार्टी के द्वारा स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट ग्लव्स जूते और ड्रेस आदि वितरित की गई।

गीता भवन स्थित प्रतिमा पर सफाई अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के विचारों को सार्थक किया है एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब के सामाजिक समरसता संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है।बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न जन कल्याण के कार्य किया जा रहे हैं और इंदौर में बाबा साहेब की प्रतिमाओं के साथ-साथ 340 शक्ति केंद्रों पर भी आज सफाई अभियान चलाया जाएगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि दी एवं बाबा साहब की जन्म जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित किया।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सिर्फ जातिगत आधार पर नहीं है बल्कि यदि कोई हमारे बीच मानासिक या शारीरिक तौर पर भी पिछड़ा हुआ है तो हमें उसे भी साथ लेकर चलना है औऱ उसका कल्याण करना है इसी उद्देश्य से देश भर में सेवा कर रही है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी,महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,विधायक महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला मधु वर्मा,सूरज केरो,आलोक दुबे,दीपक जैन टीनू,एकलव्य गौड़,घनश्याम शेर,अनिल गौहर,मुकेश राजावत, शहरप्रीत बक्शी, श्री राजेश शिरोडकर, भारत पारीक,अमर पेंढारकर,गंगाराम यादव,दिनेश वर्मा,नीतेश नरबले भी उपस्थित रहे।




# बेजुबानों की प्यास बुझाने आगे आई संस्था धर्मवीर

## गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए इंदौर में की गई पेयजल व्यवस्था

इंदौर। गर्मियों की भीषण तपिश में जहां इंसान परेशान है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसी समस्या को देखते हुए समाजसेवी दीदी आराधना कासलीवाल व संस्था 'धर्मवीर' ने एक सराहनीय पहल करते हुए शहर के विभिन्न बस्तियों और मोहल्लों में पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की है। संस्था के कार्यकारिणी अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में अक्सर पशु-पक्षियों को पानी नहीं मिल पाता, जिससे उनकी जान तक जोखिम में पड़ जाती है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा कई स्थानों पर परिंदों के लिए परिंडे लगाए गए हैं और जानवरों के लिए पानी की टंकियां रखवाई गई हैं। संस्था का मानना है कि बेजुबानों की सेवा मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। गर्मी में उन्हें पानी पिलाना एक पुण्य का कार्य है, और इस कार्य में समाज के हर



वर्ग को सहभागी बनना चाहिए।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट दीपक चौहान, संस्था के सचिव चेतन भोसले, भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन पाटीदार, खेमचंद चौरसिया, रुद्रप्रताप सिंह ,शाखा कार्यवाह कपिल बारे, निहाल मंडलोई, रामेश्वर चौरसिया, पंकज पाटिल समेत संस्था धर्मवीर के सभी सदस्य उपस्थित रहे। संस्था की यह पहल समाज में पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाली है और अन्य संस्थाओं व आमजन के लिए प्रेरणा स्वरूप है।

# दिग्विजय बोले-कितने बीजेपी-बजरंग दल वाले जासूसी करते पकड़े गए

**एक्स पर नाम पोस्ट कर पूछा- गद्दार कौन; वीडी ने कहा- देश अच्छे से जानता है**

भोपाल (नप्र)। दो दिन पहले भोपाल, रतलाम और गुना समेत एमपी के अलग-अलग जिलों में पूर्व सीएम और कांग्रेस से राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ पोस्टर लगाए गए थे। रतलाम और गुना में लगाए गए इन पोस्टर्स पर लिखा था- वक्फ बिल का विरोध करने वाले धर्म और वतन के गद्दार दिग्विजय सिंह।

इन पोस्टर्स को लेकर शनिवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था- गद्दारों को पहचानो। इस पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा- गद्दार कौन है, देश इस बात को जानता है।

रविवार को दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कुछ लोगों के नाम लिखे जिन्हें उन्हें आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला बताया और कहा कि ये लोग बीजेपी-बजरंग दल के लोग हैं। ऐसे लोगों को क्या कहा जाए।




**जासूसी के आरोपियों के नाम लिखकर सवाल उठाए-** पोस्टर वार के बाद रविवार को दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जासूसी के कुछ लोगों के नाम पोस्ट किए। इन्हें बीजेपी और बजरंग दल का कार्यकर्ता बताते हुए दिग्विजय ने बीजेपी-आरएसएस पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा- आईएसआई एजेंट के रूप में काम करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम बलराम सिंह (सतना) बजरंग दल प्रमुख, मनीष गांधी (भोपाल), त्रिलोक सिंह (भोपाल), ध्रुव सक्सेना आईटी सेल भाजपा भोपाल, मोहित अग्रवाल (भोपाल), मोहन भारती (जबलपुर), संदीप गुप्ता (जबलपुर), कुश पंडित (देहरादून), जितेंद्र ठाकुर (ग्वालियर भाजपा पार्षद वंदना ठाकुर के पति का भाई), रितेश खुल्लर, रज्जन तिवारी जिन्होंने बलराम सिंह को दीक्षा दी। दिग्विजय सिंह ने बीजेपी, युवा मोर्चा, आरएसएस को टैग करते हुए पूछा- अंत में आप क्या कहेंगे, गद्दार? जय सिया राम।

**वीडी बोले- दिग्विजय सिंह को देश गहराई से जानता है-** दिग्विजय सिंह की पोस्ट को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि गद्दार कौन है, देश इस बात को जानता है। दिग्विजय सिंह को भी देश गहराई से जानता है। आप देश विरोधी काम करने वालों के साथ रहते हैं।

**मंत्री सारंग बोले-**

### वे खुद को सुर्खियों में रखना चाहते हैं

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के ङ्क पोस्ट पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- दिग्विजय सिंह हर समय सेंसेशनल बयान देकर खुद को सुर्खियों में रखना चाहते हैं। जिसने हर समय सनातन का अपमान किया, भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों से पूरे सनातन को बदनाम किया।

### दिग्विजय ने देश को तोड़ने वाले बयान दिए

अफजल को गुरु और हाफिज सईद को जी लगाकर सम्मान देना, जाकिर नाइक से गले लगाना। एयर और सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न चिन्ह लगाकर सेना का अपमान करना। दिग्विजय सिंह ने हर समय देश को तोड़ने वाले बयान दिए। बिना किसी तथ्य के भाजपा को बदनाम करने की कोशिश करेंगे तो यह नहीं चलेगा।

## देवास के टेकरी मंदिर में पुजारी से मारपीट का मामला

### भाजपा विधायक के बेटे पर कार्रवाई की मांग, दिग्विजय सिंह ने की घटना की निंदा

**सीहोर (नप्र)।** देवास के मां चामुंडा टेकरी मंदिर में हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ रहा है। शुक्रवार की आधी रात को इंदौर के भाजपा विधायक का बेटा अपने समर्थकों के साथ कारों के काफिले में मंदिर पहुंचा। आरोपियों ने रात करीब 1 बजे जबरदस्ती मंदिर खुलवाया और पुजारी के बेटे से मारपीट की।

इस घटना को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भोपाल-इंदौर हाईवे पर सीहोर में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने इस घटना की निंदा की।

**पुलिस को मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए-** दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंदिर के पुजारी ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है और न्याय की मांग कर रही है।

**दूसरे दिन भी क्लिनिक की जांच**

## कार्रवाई के डर से कई पर ताले लगे; एक दिन पहले 4 क्लिनिक हो चुके बंद




**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के क्लिनिक की लगातार दूसरे दिन जांच की गई। कार्रवाई के डर से कई क्लिनिक पर तो डाले लग गए। 4 क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बंद कर दिया। इससे पहले इन्हें नोटिस थमाए गए थे।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्विन भंबल एवं डॉ. अभिषेक सेन टीम के साथ अशोका गार्डन स्थित गुप्ता क्लिनिक एवं प्लेटिनम प्लाजा स्थित शुद्धि क्लीनिक पर जांच के लिए पहुंचे। हालांकि, कार्रवाई के डर से संचालकों ने क्लिनिक बंद रखें। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शुद्धि क्लिनिक के कहीं अन्य स्थान पर संचालित होने की भी जांच की जा रही है। जांच दलों को ऐसी ही स्थित कई अन्य स्थानों पर भी मिली। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। बिना अनुमति चल रहे चिकित्सा संस्थानों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी, पैथी के उल्लंघन आदि मानकों को भी देखा जा रहा है।

### टीम यह देख रही

सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने बताया, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्य गृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम , गुमास्ता लाइसेंस की जांच की। कार्रवाई के डर से कई संचालकों ने अपने क्लीनिक्स बंद रखें। इन क्लीनिक्स पर विभाग की टीम नजर रख रही है। स्थानीय पुलिस, नगर निगम एवं प्रशासन का सहयोग भी लिया जा रहा है।

# प्रदेश में आज 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

- **खरगोन में ओले, सतना-शिवपुरी में तेज पानी गिरा, एमपी में 16 अप्रैल से लू का अलर्ट**

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में रविवार को प्रदेश के 24 जिलों में आंधी-बारिश हुई। खरगोन के महेश्वर में रविवार को दोपहर आधे घंटे तेज बारिश और ओले गिरे। सतना में सुबह 4 बजे करीब दो घंटे तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे पहले शिवपुरी और भिंड में शनिवार देर रात पानी गिरा। शिवपुरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और 11 भैंसों की मौत हो गई। एक मकान पर पेड़ भी गिर गया। मौसम विभाग भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, तीन सिस्टम एक्टिव होने से हल्की बारिश और आंधी का दौर रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल को मौसम साफ होने का अनुमान है। 16 अप्रैल से लू चलने लगेगी।

**आज इन जिलों में आंधी-बारिश का अनुमान-** प्रदेश के 24 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, जबलपुर, सतना, मैहर, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में गरज-चमक, आंधी और बारिश का दौर रह सकता है।



खरगोन

खरगोन जिले के महेश्वर में दोपहर 3ः10 बजे गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके अलावा, सोमाखेड़ी समेत कुछ गांवों में ओले भी गिरे। शिवपुरी जिले के ग्राम टोडा पिछोर में शनिवार देर रात खेत में सो रही 55 वर्षीय महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कुसुमा लोधी के रूप में हुई है।

**इंदौर-धार समेत कई जिलों में बारिश-** तीन सिस्टम के एक्टिव होने की वजह से शनिवार को प्रदेश के कई शहरों में बारिश का दौर जारी रहा। सुबह इंदौर में हल्की बारिश हुई। वहीं, धार के बदनावर समेत आसपास के गांवों में 15 से 20 मिनट तक तेज पानी गिरा। सिंगरौली में शनिवार दोपहर में कई इलाकों में बारिश हुई। सरई, देवसर, चितरंगी और बैढ़न में कहीं तेज तो कहीं हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। भोपाल में सुबह तक बादल छाए रहे, लेकिन दिन में तेज धूप खिल गई। हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, विदिशा, सागर, डिंडौरी, सीधी, मंडला, बालाघाट, सिंगरौली, देवास, सीहोर जिलों में आकाशीय बिजली चमकने, तेज आंधी चलने के साथ हल्की बारिश हुई। नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, अनूपपुर और सिवनी में भी मौसम बदला रहा।

**मौसम बदलने से गिरा तापमान-** एमपी के कई शहरों मे दिन के तापमान में गिरावट हुई है। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, ग्वालियर में 36.7 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री और जबलपुर में पारा 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

खंडवा सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# आईटी कॉन्क्लेव में 4 पॉलिसी होगी लॉन्च

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉनक्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी मप्र सरकार ने शुरू कर दी है। यह आयोजन एमपी टेक ग्रोथ कॉनक्लेव-2025 के नाम से किया जाएगा। जिसमें 80 कंपनियों के 300 से ज्यादा प्रतिनिधी शामिल होंगे। बता दें कि पिछले दिनों सीएम डॉ. मोहन यादव ने आईटी कॉनक्लेव की घोषणा करते हुए कहा था कि मप्र में आईटी का बड़ा सेक्टर इंदौर है। हम इसके माध्यम से युवा बेरोजगार के लिए या रोजगार पाने वालों के लिए एक बेहतर अवसर लेकर आ रहे है। गौरतलब है कि प्रदेश के संभागों में सरकार पहले रीजनल कॉन्क्लेव, फिर भोपाल में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के बाद अब सेक्टर वाइज कॉन्क्लेव आयोजित करने जा रही है। आईटी कॉनक्लेव के दौरान सरकार 4 नई पॉलिसी जारी करेगी। बताया जा रहा है कि यह पॉलिसी आईटी सेक्टर से जुड़ी हुई है। जिनके जारी होने के बाद मप्र में आईटी सेक्टर में निवेश करने वाली कंपनियों को ज्यादा सुविधा मिलेगी। वहीं इस कॉनक्लेव में आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के साथ ही एलटीआई माइंड्ट्री (आईटी/आईटीईएस), इंदौर सुपर कॉरिडोर कैंपस (इन्फ्रा), पीपीपी टॉवर इंदौर (इन्फ्रा), सीटीआरएलएस (डेटा सेंटर) और पंचशील (इन्फ्रा डेवलपर) जैसी 4 से 5 परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा।

कॉनक्लेव में नए सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस, एवीजीसी- एक्सआर प्रयोगशालाएं और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एमओयू साइन होगा। वहीं 12 कंपनियों को आईटी पार्क में प्लॉट, केयनीस (ईएमसी) परियोजनाओं को लेटर्स ऑफ अलॉटमेंट सौंपे जाएंगे।

### इंदौर को आईटी और फिनटेक हब को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने की तैयारी




### ऑप्टिकल फाइबर और एआई से जुड़ी इंडस्ट्री के लोग भी होंगे शामिल

आईटी कॉनक्लेव में 80 कंपनियों के 300 से ज्यादा प्रतिनिधियों के साथ ही एसडीडब्ल्यूएएन नेटवर्क, ऑप्टिकल फाइबर, सहित अन्य सेक्टर के उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक भी भाग लेंगे, जो राज्य में आईटी और इससे जुड़े क्षेत्रों की प्रोग्रेस और स्कोप पर चर्चा करेंगे। इस दौरान आईटी-आईटीईएस, ईएसडीएम, सेमी कंडक्टर्स, एवीजीसी-एक्सआर, डेटा सेंटर्स, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

### इंफोसिस से वापस ली जमीन पर होगा दूसरी कंपनियों को आवंटन

कॉन्क्लेव में होने वाले एमओयू के बाद कुछ कंपनियों के सुपर कॉरिडोर पर आईटी क्षेत्र के लिए घोषित स्पेशल इकोनॉमिक जोन की बची 40 एकड़ जमीन से ही आवंटन होगा। एमपीआईडीसी ने इसके लिए आईडीए को इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए पत्र भी लिख दिया है। दरअसल, साल 2011-12 में शासन ने आईटी कंपनी टीसीएस, इंफोसिस को जमीन दी थी। इंफोसिस शर्तों के मुताबिक पूरी जमीन का उपयोग नहीं कर पाया था, इसलिए शासन ने 50 एकड़ जमीन वापस ली थी।

**इंदौर में तैयार हो रहे दो आईटी पार्क-** इंदौर में आईटी पार्क 3 और 4 का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। यह दोनों ही आईटी पार्क लगभग 3 हेक्टेयर जमीन पर तैयार किए जा रहे हैं। इन्हें तैयार करने में लगभग 550 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। आईटी पार्क 3 का 38 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 4 का काम 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है।



# इंदौर में 15 अप्रैल से लगेगा स्वदेशी मेला

### 8 राज्यों के 250 से ज्यादा स्टॉल लगेंगे, स्टार्टअप्स को भी मिलेगी सुविधाएं

**इंदौर (एजेंसी)।** लालबाग में 15 अप्रैल से स्वदेशी मेला लगेगा। स्वदेशी जागरण मंच इसे आयोजित कर रहा है। रविवार को भूमिपूजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य स्वावलंबन है। ग्रामीण क्षेत्रों के लघु और कुटीर उद्योग में काम करने वाले लोगों के उत्पादों का उचित दाम दिलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों में स्वदेशी के प्रति आकर्षण पैदा करना है।

भूमि पूजन में विधायक उषा ठाकुर, मालिनी गौड़, अण्णा महाराज सहित कई लोग शामिल हुए।

स्वदेशी मेला संयोजक योगेश मेहता ने बताया, मेला 15 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चलेगा। इस मेले में इंदौर जिले के स्थानीय उत्पादों सहित देश के अलग-अलग राज्यों से इसमें स्टॉल बुक हो गए है। स्वदेशी मेले में इस बार आठ राज्यों के कलाकार रहेंगे, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात के उत्पाद होंगे। जहां लगभग 250 स्टॉल लगेंगे। दैनिक उपयोग के अलावा अलग-अलग उत्पादों की श्रृंखलाओं का प्रदर्शन होगा। इसमें न केवल स्थानीय लोग बल्कि दूर दराज के उत्पादकों में भी काफी उत्साह है।

# जनप्रतिनिधियों का स्वच्छता अभियान

### बाबा साहब की प्रतिमा का किया अभिषेक, सफाई कर्मचारियों को दी स्वच्छता किट

**इंदौर (एजेंसी)।** रविवार को शहर के कई जनप्रतिनिधि गीता भवन चौराहे स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाया और प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। पांच नदियों के जल से अभिषेक किया। संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंडेबकर जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा लगातार कई आयोजन कर रही है। जिसमें जयंती दिवस के एक दिन पहले गीता भवन पर बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस प्रोग्राम में सफाईकर्मियों को स्वच्छता किट जिसमें ग्लव्स, जूते और ड्रेस आदि वितरित की। गीता भवन स्थित प्रतिमा पर सफाई अभियान के दौरान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को सार्थक किया है और पार्टी द्वारा बाबा साहब के सामाजिक समरसता संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है। बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा विभिन्न जनकल्याण के काम किए जा रहे है।



# निजी कंपनी में मशीन आपरेटर ने किया सुसाइड

### रुपए वापस नहीं कर रहे थे साथी, अगले माह थी शादी, मां-पिता से मांगी माफी

**इंदौर(एजेंसी)।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले निजी कंपनी के मशीन आपरेटर अजय चडार ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कंपनी में साथ काम करने वालों ने 3 साल पहले अजय से पैसे लिए थे, जो वे लौटा नहीं रहे थे। इससे दुखी अजय ने सुसाइड कर लिया। उसने सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें दोनों साथियों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। अजय की अगले महीने शादी होने वाली थी। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि अजय पुत्र राजकुमार चडार निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने अपने घर में फांसी लगा ली। उसने सुसाइड के पहले अपने भाई को मैसेज किए, जो करीब आधे घंटे बाद भाई ने देखे। वह अपने घर पहुंचा तो बड़ा भाई फंदे पर लटके मिला। अजय दोनों साथियों से लगातार पैसों की मांग कर रहा था और वे टाल रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम किया।

**सुनील सर और जीवन सर ने मेरे साथ फाड किया-** अजय ने भाई को भेजे मैसेज में लिखा कि सुनील सर और जीवन सर ने मेरे साथ फाड किया। मुझे फोर्स कर यकीन दिलाया कि आपका पैसा कहीं नहीं जाएगा। मैंने इन लोगों पर भरोसा किया। जब मैंने उनसे पैसे वापस मांगे, तो बोले कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं, तुम्हारा पैसा डूब गया। इन लोगों ने कहा था कि हर माह 10 हजार रुपए देंगे, लेकिन तीन साल हो गए। इन लोगों से मुझे 3 लाख 60 हजार रुपए लेना है। यह लोग अब कॉल भी नहीं उठा रहे हैं। मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा कि मैं घरवालों को क्या कहूं। मैं किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बचा। मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना। अब मैं जो कर रहा हूं, इसके लिए सिर्फ और सिर्फ यही दोनों जिम्मेदार हैं। आईएम सॉरी मॉम और डेड मुझे माफ कर देना।



### इस माह हुई थी सगाई, 6 मई को शादी

भाई आशीष के मुताबिक वह मूल रूप से सागर के रहने वाले हैं। माता-पिता अजय की शादी की तैयारी को लेकर कुछ दिन पहले ही सागर गए हैं। आशीष ने बताया कि अजय की सगाई हो चुकी है 6 मई को उसकी गांव से ही शादी होना थी। पुलिस ने देर रात मर्ग कायम किया है। जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लड़की बनकर इंटिमेट बातें की, 2 करोड़ से ज्यादा ऐंठे

### वीडियो कॉल पर कैमरा ऑन होते ही खुलासा हुआ, आरोपी भाई-बहन गिरफ्तार

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के युवक ने एनआरआई से लड़की की आवाज में इंटिमेट बातें कर 2 करोड़ 68 लाख 64 हजार 481 रुपए ठग लिए। इसके लिए आरोपी ने वॉइस ट्रांसलेशन एप का इस्तेमाल किया। वीडियो कॉल पर बात करने के दौरान भी आरोपी इसी एप का यूज करता और अपनी तरफ का कैमरा बंद रखता। एक रात वीडियो कॉल पर कैमरा ऑन हो गया, जिससे इस ठगी का खुलासा हो गया। आंध्र प्रदेश का रहने वाला वेंकट कलगा वर्तमान में अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में जॉब करता है। वेंकट ने क्राइम ब्रांच को शिकायत की है कि भारत मेट्रिमोनियल साइट पर अज्ञात लोगों ने लड़की की फोटो अपलोड कर प्रोफाइल बनाई और शादी का प्रपोजल रखा। बातचीत के दौरान मोबाइल नंबर शेयर करे। वॉट्सऐप के जरिए चैटिंग और कॉल पर बात होने लगी। इसके बाद अलग-अलग बहाने बनाकर किश्तों में 2 करोड़ से ज्यादा रुपए ऐंठ लिए। क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू की। जांच में पुलिस आरोपी विशाल जेसवानी और उसकी बहन सिमरन तक पहुंची। क्राइम ब्रांच ने विशाल को अहमदाबाद और सिमरन को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों ने मेट्रिमोनियल साइट पर युवती का फोटो लगाकर फर्जी प्रोफाइल बनाई थी।




### 14 महीने में 2 करोड़ से ज्यादा ठगे

सिमरन ने 2023 में मेट्रिमोनियल वेबसाइट पर लड़की की फोटो लगाकर प्रोफाइल बनाई। सिमरन ने वेंकट से मोबाइल नंबर एक्सचेंज किए। वॉट्सऐप पर खुद को बरखा जेसवानी बताया। बातचीत बढ़ी तो आरोपी ने वेंकट से रुपए लेना शुरू कर दिए। कभी बीमारी के नाम पर, कभी अमेरिका आने के लिए, तो कभी घर की परेशानियों का हवाला देकर वेंकट से ऑनलाइन अपने और परिजनों के खातों में रुपए मंगवाने लगे। अप्रैल 2023 से जून 2024 तक आरोपियों ने 2 करोड़ 68 लाख 64 हजार 481 रुपए ठग लिए।

### इस पूरे प्लान का मास्टरमाइंड विशाल था

विशाल ने पूछताछ में क्राइम ब्रांच को बताया, वेंकट से कॉल पर दो-तीन बार बहन सिमरन ने बात की। इसके बाद वही लड़की की आवाज में उससे बात करता था। सिमरन ने भी बरखा की बहन बनकर दो से तीन बार वीडियो कॉल पर वेंकट से बात की थी। पूछताछ में सामने आया कि इस पूरी ठगी का मास्टरमाइंड विशाल है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया,विशाल ने बताया कि वह हन्नह्न से वॉइज चेंजर एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर लड़की की आवाज में बात करता था। वह कई बार उससे इंटिमेट बात कर चुका है। वीडियो कॉल पर अपनी तरफ का कैमरा बंद कर इस एप्लिकेशन से बात करता था। एक रात को वीडियो कॉल पर बात करने के दौरान अचानक कैमरा ऑन हो गया।

● पश्चिमी कंपनियों के लिए भारत एक बड़ा और आकर्षक बाजार ● अमीरों की संख्या बढ़ने से घरेलू खर्च में तेजी से वृद्धि

# जर्मनी, जापान को पीछे छोड़ भारत की बोलेगी तूती, सिर्फ ये दो देश ही होंगे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका का टैरिफ कई जगह नुकसान दिखा रहा है तो कई जगह फायदा भी। भारत के संदर्भ में अलग-अलग जानकारों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ का असर अलग-अलग नजर आ रहा है, लेकिन इतना तय है कि पश्चिमी कंपनियों के लिए भारत एक बड़ा बाजार बनने वाला है। इसका फायदा पश्चिमी कंपनियों समेत भारत को भी मिल सकता है। भारत इस समय दुनिया का सबसे पसंदीदा बाजार बन गया है। इसलिए, जब दुनिया में टैरिफ को लेकर लड़ाई चल रही है, पश्चिमी देश भारत के साथ व्यापार समझौता करने के लिए उत्सुक हैं। विकसित देश भारत में कम टैरिफ पर अपना सामान बेचना चाहते हैं। यही भारत का सबसे बड़ा हथियार है, जिससे वह व्यापार में मोलभाव कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत बहुत जल्द जर्मनी और जापान जैसे देशों को पीछे छोड़ सकता है।

**तेजी से बढ़ रहे उपभोक्ता-** अब भारत में ऐसे बहुत से लोग हैं जो अमेरिकन व्हिस्की, हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल या ब्रिटिश लग्जरी कारें खरीद सकते हैं। भारत जल्द ही तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने वाला है।

ब्रूस की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2026 तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट में बताया है कि भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन ही होंगे। यानी भारत इन दोनों देशों के बाद तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा।

**अमीरों का बड़ा योगदान-** भारत में अमीर लोगों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में भारत में करीब 4 करोड़ लोग (15 साल से ऊपर की आबादी का 4 प्रतिशत) अमीर थे, जिनकी सालाना आय 10,000 डॉलर (8.60 लाख रुपये) से ज्यादा थी। अगले 5 सालों में इनकी संख्या दोगुनी से ज्यादा हो जाएगी और साल 2028 तक 8.8 करोड़ लोग ऐसे होंगे जिनकी सालाना आय 10,000 डॉलर से ज्यादा होगी।



**घरेलू खर्च में होगी बढ़ोतरी-** फिच सॉल्यूशन कंपनी बीएमआई की एक रिपोर्ट में भी यही बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति घरेलू खर्च 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जो इंडोनेशिया, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे अन्य विकासशील एशियाई देशों से ज्यादा होगा। ब्रूस और भारत के बीच कुल घरेलू खर्च का अंतर भी लगभग तीन गुना हो जाएगा।

**मिडिल क्लास ने खोले दरवाजे-** इन दोनों रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत में अमीर लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी वजह से लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं और महंगी चीजें खरीदने का चलन बढ़ रहा है।

## पश्चिमी देश क्या चाहते हैं?

पश्चिमी सरकारें चाहती हैं कि उनके उत्पादों पर कम टैक्स लगे, ताकि वे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसलिए, पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां, खासकर वे जो आम लोगों के लिए सामान बनाती हैं, भारत में ज्यादा सामान बेचने के लिए आ रही हैं। भारत का बाजार बहुत बड़ा है, इसलिए कंपनियां यहां आना चाहती हैं।

विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार इतना आकर्षक इसलिए है क्योंकि भारत में अमीर लोग बढ़ रहे हैं और उनके पास ज्यादा पैसा है। पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए संघर्ष कर रही हैं। वहां लोगों की उम्र बढ़ रही है और वे कम खर्च कर रहे हैं। ऐसे में, भारत में अमीर लोगों की एक बड़ी आबादी है जो महंगी चीजों पर खूब खर्च करेगी।

# आरवीएनएल, आईआरएफसी और रेलवे स्टॉक पर दांव लगाने की सलाह दे रहे हैं एक्सपर्ट्स?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान रेलवे सहित कई अन्य सेक्टर की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है। आईआरएफसी, रेल विकास निगम लिमिटेड, रेलटेल, कॉनकॉर्ड और इरकॉन इंटरनेशनल के शेयर इस समय डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। आइए जानते हैं कि इस समय किस कंपनी पर दांव लगाना सही रहेगा?

**करेक्शन के दौर से गुजर रहे हैं स्टॉक-** एक्सपर्ट्स के अनुसार मौजूदा समय में ये रेलवे स्टॉक इस समय करेक्शन के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में कई रेलवे स्टॉक डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि बजट में किसी बड़े रेलवे प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं हुआ। जिसने रेलवे स्टॉक को झकझोर कर रख दिया। लेकिन हाल ही में 4 नए प्रोजेक्ट्स का ऐलान किया है। इन 4 प्रोजेक्ट्स की कीमत 18,658 करोड़ रुपये है। इन 3 स्टॉक्स के प्रदर्शन को लेकर मेहता इक्विटीज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (वाइस) प्रशांत तपसे कहते हैं, बहुत रिस्क ना लेने वाले निवेशकों के लिए आईआरएफसी सबसे बेहतर विकल्प रहेगा। कंपनी का बिजनेस मॉडल सबसे बेहतर है। सरकार की तरफ से मिल रहे सपोर्ट और हाई बिजनेस यील्ड लॉन्ग टर्म के लिए बेहतर रहेगा। वहीं, ऐसे निवेशक जो शॉर्ट टर्म में रिस्क उठा सकते हैं उन्हें लॉन्ग टर्म के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों पर दांव लगाना चाहिए।




## आईआरएफसी टारगेट प्राइस

लक्ष्मीश्री इंवेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अंशुल जैन कहते हैं, रेलवे पीएसयू स्टॉक बड़ी गिरावट बाद अब रिकवर कर रहा है। बीते 33 हफ्तों में आईआरएफसी के शेयर 52 प्रतिशत गिरा है। लेकिन चार्ट पैटर्न अच्छा बना रहा है। ऐसे में यह स्टॉक 140 रुपये के लेवल तक जा सकते हैं।

## आरवीएनएल टारगेट प्राइस

इस स्टॉक के प्रदर्शन को लेकर अंशुल जैन कहते हैं, 33 हफ्ते में रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 52 प्रतिशत तक टूट गए हैं। कंपनी के शेयर 388 रुपये के स्तर तक पहुंच सकते हैं।

## रेलटेल शेयर प्राइस

यह स्टॉक 39 हफ्तों में 56 प्रतिशत गिरा है। मौजूदा समय में स्टॉक 275 रुपये के जोन में दिखा रहा है। शेयर 333 रुपये के लेवल तक जा सकते हैं। अंशुल जैन कहते हैं कि आईआरएफसी के शेयर दांव लगाने के लिए सबसे बेहतर रहेगा। अन्य की तुलना में

# रेलवे ने अशोका बिल्डकॉन को दिया 568 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक अशोका बिल्डकॉन को एक बड़ा प्रोजेक्ट मिलने जा रहा है। कंपनी ने शनिवार यानी आज शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि सेंट्रल रेलवे की तरफ से मंगाई गई एक बोली के लिए कंपनी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। अब कंपनी के शेयर मंगलवार को फोकस में रहेंगे। बता दें, सोमवार को अम्बेडकर जयंती की वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार सेंट्रल रेलवे के प्रोजेक्ट के लिए कंपनी ने सबसे कम बोली लगाई है। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 568.86 करोड़ रुपये है। इसमें जीएसटी शामिल नहीं है। इस प्रोजेक्ट में छोटे ब्रिज, बड़े ब्रिज आदि का काम है। कंपनी को यह काम 30 महीने के अंदर पूरा करना होगा।

## अशोका बिल्डकॉन के शेयरों का प्रदर्शन कैसा है?

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 186.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 5 साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 270 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इस साल कंपनी के शेयर सिर्फ 9.24 प्रतिशत का रिटर्न ही दे पाए हैं। 2025 का साल कंपनी के पोजीशनल निवेशकों के लिए अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 38.99 प्रतिशत टूटा है। बता दें, एक महीने के अंदर कंपनी के शेयरों में 5.48 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। कंपनी का 52 वीक हाई 319 रुपये है। वहीं, 52 वीक लो लेवल 148 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 5232 करोड़ रुपये है।

## 2018 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर

बीएसई के बेवसाइट पर दी जानकारी के अनुसार कंपनी के शेयर 2018 में एक्स-बोनस ट्रेड किए थे।

**नई दिल्ली-** कारोबार शुरू करने के लिए कई बार किसी खास प्लान की जरूरत नहीं पड़ती। बस यूं ही हो जाता है। प्लान की जरूरत पड़ती है तो तब जब वह कारोबार बड़ा हो जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ मुंबई की हिना पटेल के साथ। हिना का कारोबार बुनाई-कढ़ाई से जुड़ा है। इसके ब्रांड का नाम मैजिक नीडल्स है। शौक के तौर पर शुरू हुआ इसका कारोबार आज देश-दुनिया में फैल चुका है। आज इनके ब्रांड की वैल्यू करोड़ों रुपये में है। साल 2013 में हिना पटेल गर्भवती थीं। उस दौरान उन्हें सुकून की तलाश थी। वह अपने जुड़वां बच्चों का इंतजार करते हुए कुछ नया करना चाहती थीं। ऐसे में उन्होंने बुनाई की सुइयां उठाईं और ऊन से तरह-तरह की चीजों को बुनना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि उस दौरान वह अपने बच्चों के लिए छोटे स्वेटर और एक्सेसरीज बना रही थीं। इस दौरान उन्हें एहसास हुआ कि भारत में अच्छी क्वालिटी के धागे और हाथ से बने सामान मिलना कितना मुश्किल है। और इसी के बाद उनके कारोबार की शुरुआत हो गई।

**एक ऑर्डर ने बदल दिया सब कुछ-** शुरुआत में हिना ने अपनी बनाई हुई चीजें ऑनलाइन बेचना शुरू किया। कुछ ही महीनों में उन्हें बच्चों के एशिया के सबसे बड़े स्टोर से एक बड़ा ऑर्डर मिला। हिना इसे अपने कारोबार के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताती हैं। जैसे-जैसे मांग बढ़ी, वैसे-वैसे उनका मिशन भी बढ़ता गया।



उस एक ऑर्डर ने सब कुछ बदल दिया। जो घर पर एक शौक के तौर पर शुरू हुआ था, वह धीरे-धीरे एक बढ़ता हुआ ऑनलाइन बिजनेस बन गया। जैसे-जैसे ऑर्डर आने लगे, हिना को एहसास हुआ कि वह सब कुछ अकेले नहीं कर सकतीं। उन्होंने अपने आसपास की महिलाओं की मदद ली।

## 300 महिलाओं की टीम

हिना बताती हैं, पहले कारीगरों को मुंबई में लोकल लोगों के जरिए जोड़ा गया। धीरे-धीरे यह नेटवर्क लोगों के बताने से बढ़ता गया। कई महिलाओं ने हमारे साथ काम करने में दिलचस्पी दिखाई। कुछ महिलाओं ने मांग बढ़ने पर अपनी टीम भी बना ली। मैजिक नीडल्स ने 300 से ज्यादा महिलाओं को ट्रेनिंग दी है। इनमें से कई महिलाएं अब गोदाम का काम, ऑर्डर पूरा करना, सामान का हिसाब रखना और डिजाइन का काम भी करती हैं।

## क्या है कारोबार?

मैजिक नीडल्स आज एक बड़ा ब्रांड बन गया है। यह ब्रांड करोड़ों रुपये का है। यह रंग-बिरंगे धागों के हाथ से बने घर के सजावटी सामान और कपड़े बनाता है। साथ ही 300 से ज्यादा महिलाओं को काम करने का मौका दे रहा है। यह ब्रांड धीरे-धीरे फैशन को भी बढ़ावा दे रहा है। यह दुनिया भर में क्राफ्टिंग करने वाले लोगों को जोड़ रहा है। यह 35 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है।

## करोड़ों का हुआ ब्रांड

हिना बताती हैं कि उन्होंने एक लाख रुपये से कम के निवेश से मैजिक नीडल्स की शुरुआत की थी। धीरे-धीरे बढ़कर अब यह 8.5 करोड़ रुपये का ब्रांड बन गया है। आज इनके ब्रांड के देशभर में कई स्टोर हैं। वह बताती हैं कि कई लोगों के लिए मैजिक नीडल्स सिर्फ एक ब्रांड नहीं है।

यह सीखने, जुड़ने और अपनापन महसूस करने की जगह है। हिना बताती हैं कि उनके धागे का यह कारोबार आज जिंदगी बन गया है।

### आईएलएल कप:

# मोहन बागान सुपर जाएंट ने जीता आईएसएल कप

**बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया**



**कोलकाता, एजेंसी।** मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी।

मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था। मोहन बागान सुपर जाइंट ने शनिवार को फाइनल में बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में दोहरी सफलता हासिल कर ली। मोहन बागान ने लीग विजेता शील्ड के बाद आईएसएल कप भी अपने नाम कर लिया। पहला हाफ गोल रहित बराबर रहने के बाद 49वें मिनट में मोहन बागान के अल्बर्टो रोड्रिग्ज के आत्मघाती गोल से बेंगलुरू एफसी ने बढ़त बनाई लेकिन जेसन कमिंग्स ने 72वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 रहा। मैच इसके बाद अतिरिक्त समय में खिंचा और जेमी मैकलारेन ने अतिरिक्त समय के छठे मिनट में गोल दागकर मोहन बागान सुपर जाइंटस की जीत सुनिश्चित की। मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी। मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था।

## पूरन के सिक्सर से घायल हुआ फैन, सिर से निकला खून



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकोलस पूरन के 31 गेंदों पर 61 रन और एडेन मार्करम के 31 गेंदों पर 58 रन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने एकाना स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के 26वें मैच में मेहमान गुजरात जायंट्स पर 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस दौरान लखनऊ के धमाकेदार बल्लेबाज पूरन के एक छक्के से फैन घायल हो गया और उसके सिर पर चोट लगी। लेकिन फैन ने उपचार के बाद फिर से मैच देखा और टीम की जीत का जश्न मनाया।

गुजरात से मिले 181 रनों का लक्ष्य के जवाब में जब पूरन बल्लेबाजी कर रहे थे तो एक सिक्सर शॉट फैन के सिर पर लगा। फैन के सिर से खून निकल रहा था और उसका उपचार किया गया। हालांकि चोट के बाद फैन ने घायल अवस्था में ही मैच पूरा देखा और टीम के जीतने के बाद जश्न मनाया। उक्त फैन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में 3 गेंदें रहते 186 रन बनाते हुए जीत अपने नाम की। पूरन के आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा रन हैं और वह ऑरेंज कैप होल्ड किए हुए हैं। पूरन अब तक 6 मैच खेले हैं और इस दौरान 6 इनिंग्स में 69.80 की औसत और 87 के हाईएस्ट स्कोर के साथ कुल 349 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में अब तक उनके नाम 4 अर्धशतक भी हैं। पूरन अभी तक टूर्नामेंट में 26 चौके और 31 छक्के भी लगा चुके हैं।

# हार्दिक पंड्या ने जीता महिला क्रिकेटर का दिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है. वह अभी तक खेले गए 5 मैचों में एक ही जीत दर्ज कर सकी है. इसी बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वह एक भारतीय की एक युवा महिला क्रिकेटर के साथ नजर आए हैं. इस खिलाड़ी से पंड्या महिला प्रीमियर लीग 2025 के दौरान मिले थे. तब उन्होंने एक वादा किया था, जो अब पूरा किया है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक पंड्या के साथ युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी काशवी गौतम नजर आ रही हैं. काशवी गौतम महिला प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात जायंट्स की टीम का हिस्सा थीं. पंड्या ने काशवी गौतम को अपना एक बल्ला गिफ्ट किया है. इस बल्ले पर उन्होंने अपना ऑटोग्राफ भी दिया. साथ ही काशवी गौतम को हाल ही में टीम इंडिया में चुने जाने के लिए बधाई भी दीं. बता दें, काशवी पहली बार भारतीय टीम के लिए सेलेक्ट हुई हैं. पंड्या का ये वीडियो अब फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है और हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है.

बता दें, महिला प्रीमियर लीग 2025 का एलिमिनेटर मुकाबला मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया था. मैच के बाद गुजरात जायंट्स टीम की खिलाड़ी हरलीन देओल ने काशवी गौतम की पंड्या के मुलाकात करवाई थी. तब हरलीन देओल ने बताया था कि काशवी मुंबई इंडियंस के कप्तान भी बहुत बड़ी फैन हैं. फिर पंड्या ने गौतम को एक स्पेशल बल्ला देने का वादा किया था. पंड्या ने अब अपना ये वादा पूरा कर दिया है.

**पहली बार भारतीय टीम में शामिल**

काशवी गौतम को 27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका में खेली जाने वाली ट्राई सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है. उन्हें महिला प्रीमियर लीग 2025 में अपनी छाप छोड़ी थी. जहां काशवी ने 9 मैचों में 11 विकेट हासिल किए थे.



## सोनू कक्कड़ ने तोड़ा नेहा और टोनी के साथ रिश्ता

कक्कड़ भाई-बहनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। तीनों में सबसे बड़ी सोनू कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह अब गायिका नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ की बहन नहीं हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक चौंकाने वाला बयान साझा किया। उन्होंने लिखा, आप सभी को यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं अब दो प्रतिभाशाली सुपरस्टार्स टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ की बहन नहीं हूं। मेरा यह फैसला गहरी भावनात्मक पीड़ा से उपजा है और मैं आज वाकई बहुत निराश हूं। सोनू कक्कड़ का यह पोस्ट जैसे ही अपलोड हुआ, यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में सवालों की बाढ़ ला दी। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि सोनू ने अपने भाई-बहनों से अलग होने का इतना बड़ा फैसला क्यों लिया। सोनू को इंडियन आइडल 12 और सा रे गा मा पा पंजाबी जैसे सिंगिंग रियलिटी शो को जज करने का श्रेय दिया जाता है। इसके बाद वह कोक स्टूडियो इंडिया में भी नजर आईं। इतना ही नहीं, सोनू अपने भाई-बहन नेहा और टोनी कक्कड़ के साथ पेशेवर रूप से भी जुड़ी हुई थीं। गायिका ने भाई टोनी द्वारा गाए गए कई गानों को अपनी आवाज दी, जिनमें अखियां नू रहन दे, अर्बन मुंडा, फिर तेरी बाहों में, ऊह ला ला, फंकी मोहब्बत और बूटी शेक शामिल हैं।

## गर्मी से राहत के लिए तापसी पन्नू ने बांटे पंखे और कूलर



मुंबई में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। इस बीच गर्मी से निपटने के लिए अभिनेत्री तापसी पन्नू ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को पंखे और वाटर कूलर वितरित किए। इस नेक काम के लिए तापसी ने हेमकुंट फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। नेक काम कर खुश हुई अभिनेत्री ने बताया, हम अक्सर पंखे या कूलर जैसी बुनियादी सुविधाओं को हल्के में लेते हैं, लेकिन बहुत से लोगों के लिए, खासकर इस असहनीय गर्मी में हल्की हवा भी एक आशीर्वाद की तरह होती है। इस पहल से मैं प्रभावित हूं और इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह सिर्फ देने के बारे में नहीं है। यह लोगों के साथ खड़े होने, उनके दर्द को समझने और उन्हें कम करने के लिए जो कुछ भी हम कर सकते हैं, करने के बारे में है। हेमकुंट फाउंडेशन के निदेशक हरतीरथ सिंह ने कहा, जब तापमान 40 डिग्री को पार कर जाता है, तो झुग्गी-झोपड़ियों में रहना लगभग मुश्किल हो जाता है। ये संकरे हैं, जहां बमुश्किल कोई वेंटिलेशन होता है। लोग बिना पंखे या कूलर के पूरा दिन मुश्किलों में गुजारने को मजबूर होते हैं और लोगों के इसी दर्द को हमने समझा और मदद करने का ख्याल हमारे मन में आया। उन्होंने आगे बताया कि यह संदेश देने के लिए है कि वे अकेले नहीं हैं। यह छोटे-छोटे तरीकों से मानवता के लिए आगे आने और लोगों के दर्द को समझने से संबंधित है।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 11 मई से 30 जून तक होंगी गर्मी की छुट्टियां



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी हो गया है। नए एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार, छात्रों का 11 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

शिक्षकों को 28 जून से स्कूलों में रिपोर्ट करना होगा। छठी से आठवीं क्लास के लिए एडमिशन पूरे साल स्कूल स्तर पर जारी रहेंगे, जबकि नॉन प्लानड एडमिशन तीन चक्रों में होंगे और इनके लिए रजिस्ट्रेशन भी तीन चरणों में होगा।

पांचवीं, सातवीं, नौवीं और ग्यारहवीं क्लास की कंपार्टमेंट परीक्षा का परिणाम 8 मई को आएगा। इसके अलावा मिड-टर्म एग्जाम 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने स्कूलों के लिए वार्षिक स्कूल कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार, शरद ऋतु की छुट्टियां 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक होंगी। वहीं, सर्दियों की छुट्टियां एक जनवरी से 15 जनवरी तक होंगी। निदेशालय ने कहा कि छठी से नौवीं क्लास के लिए प्लान्ड एडमिशन 1 अप्रैल से 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे।

शिक्षा निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि स्कूलों के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी करने से चीजें व्यवस्थित रूप से संचालित की जा सकती हैं। इसके अनुरूप ही पूरे वर्ष की गतिविधियां होंगी।

बता दें कि, दिल्ली के स्कूलों में 1 अप्रैल से ही नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है। इस बीच दिल्ली में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिन से लू और तापमान बच्चों तो क्या बड़ों के भी पसीने छुड़ा रहा है। अगले कुछ दिन में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। दिल्ली में पारा चढ़ने के बीच डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक गर्मी के फलस्वरूप ज्यादा पसीना निकलने और लवण की कमी के कारण हल्के चकत्ते और मांसपेशियों में ऐंठन से लेकर थकान और लू लगने (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर स्थिति तक कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा गर्मी के दौरान सचेत करने को समय-समय पर अलग-अलग रंगों में अलर्ट जारी किए जाते हैं।

## दिल्ली विधानसभा भवन को राष्ट्रीय धरोहर बनाने की तैयारी, 113 साल पुरानी इमारत का क्या इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा भवन को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिल सकता है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 113 साल पुरानी इमारत को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिलाने के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं। बीते शुक्रवार को भी अफसरों के साथ बैठक हुई थी।

गुप्ता ने कहा कि वह जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत से मुलाकात करेंगे। इसके बाद एएसआई को आगे की कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिलने के बाद विधानसभा भवन परिसर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। उसके संरक्षण काम ज्यादा बेहतर तरीके से होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा भवन राष्ट्रीय धरोहर घोषित होने के बाद विशेष दिन जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस या फिर सप्ताह में एक-दो दिन आम लोगों के विजिट के लिए खुला रहेगा। दिल्ली विधानसभा परिसर में एक फांसी घर मिला है। 2016 में सुरंग का पता लगने के बाद फांसी घर की भी बात सामने आई थी।

**1912 बनकर तैयार हुई थी इमारत:** अलीपुर रोड पर विधानसभा भवन साल 1911 में बनकर तैयार हुआ था। 1912 में जब देश की राजधानी को कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया तो इस भवन को केन्द्रीय विधानसभा के रूप में इस्तेमाल किया गया। इसे बनाने वाले आर्किटेक्ट मॉन्टेग्यू थॉमस थे। इमारत चंद्रावल गांव की जमीन पर बनी है। स्थानीय लोगों को जमीन के बदले किरोड़ीमल कॉलेज के पास जगह दी गई थी।

विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 100 साल से अधिक पुरानी इस इमारत को नेशनल हेरिटेज का दर्जा दिलाने का मकसद इसका संरक्षण सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय विरासत का दर्जा मिलने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें कामकाज बंद हो जाएगा। अवकाश वाले दिन आम लोग इस परिसर में घूम सकेंगे। परिसर में एक संग्रहालय भी बनाया जाएगा, इसमें इमारत से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध होगी। परिसर को 100 फीसदी सौर ऊर्जा के प्रयोग का लक्ष्य रखा है। सदन को आधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जाएगा।

# भाजपा देश को अनपढ़ रखना चाहती है; शिक्षा को लेकर अरविंद केजरीवाल का भाजपा पर कटाक्ष

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने रविवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए शिक्षा को बर्बाद करने का आरोप लगाया। गुजरात मॉडल को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा पूरे देश को 'अनपढ़' रखना चाहती है। दिल्ली में भी शिक्षा व्यवस्था को 'बर्बाद' कर रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ये गुजरात मॉडल है। ये बीजेपी मॉडल है, जो ये पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। ये डबल इंजन मॉडल है। पूरे देश को ये अनपढ़ रखना चाहते हैं। आप मुझे एक राज्य बता दीजिए जहां इनकी सरकार हो और इन्होंने वहां शिक्षा का कबाड़ा ना किया हो। इसी मॉडल के तहत अब ये दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को भी ध्वस्त करने में लगे हैं।



केजरीवाल समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा शेयर की गई एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें एक न्यूज रिपोर्ट थी, जिसमें लिखा था, 157 स्कूलों में 10वीं क्लास में कोई भी छात्र पास नहीं हुआ। बता दें कि यह न्यूज रिपोर्ट मई 2023 में प्रकाशित हुई थी। अखिलेश यादव ने एक्स पर 'पोस्ट' किया था, गुजरात मॉडल ही फेल हो गयाऽ गुजरात में 157 स्कूलों में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक भी छात्र पास नहीं हुआ। भाजपा हटाएंगे, भविष्य बचाएंगे! केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में कई निजी स्कूलों में कथित फीस वृद्धि के बाद राजधानी दिल्ली में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के 'चंगुल में फंस गई है'। हाल ही में फीस वृद्धि को लेकर स्कूलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लोग एक बार फिर पूरी तरह से शिक्षा माफिया की दया पर हैं। शिक्षा माफिया की हिम्मत कैसे हुई कि वे हमारे बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करें? क्योंकि नेता और मंत्री उनकी जेब में हैं - ठीक वैसे ही जैसे वे हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले हुआ करते थे। दिल्ली 'आप' अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्रियों को दिल्ली में हो रहे हालात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, अभिभावक निजी स्कूलों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के मंत्री सरकारी स्कूल-सरकारी स्कूल का खेल खेलने में व्यस्त हैं। उन्हें समस्या वाली जगह जाकर उसका समाधान करना चाहिए।

## गलत तरीके से बोरवेल से पानी निकालना पाप; दिल्ली हाई कोर्ट ने दिया दक्षिण अफ्रीका का उदाहरण?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि गैरकानूनी तरीके से बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं है, ऐसे लोगों पर किसी तरह का अंकुश लगाने की जरूरत है। हाई कोर्ट ने दुख जताया कि अगर इन गैरकानूनी बोरवेल को नहीं रोका गया तो दिल्ली की हालत भी कुछ साल पहले दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग जैसी हो सकती है। बता दें कि वहां एक समय के बाद पानी खत्म हो गया था। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने 9 अप्रैल को कहा,किसी तरह का अंकुश लगाना जरूरी है। जिस तरह से गैरकानूनी बोरवेल पानी का स्तर घटा रहे हैं,वह पाप से कम नहीं है। क्या आपको पता है कि जोहान्सबर्ग में क्या हुआ था? कुछ साल पहले उस शहर में कई महीनों तक पानी नहीं था। उन्होंने बहुत बड़े जल संकट का सामना किया था। क्या आप चाहते हैं कि दिल्ली में भी वैसी ही स्थिति आए? अदालत ने नगर निगम के अधिकारियों से पूछा कि उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए बोरवेल की अनुमति कैसे दी। अदालत वकील सुनील कुमार शर्मा की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी,जिसमें उन्होंने कहा था कि रोशनारा इलाके के गोयनका रोड पर एक निर्माणाधीन इमारत में कई गैरकानूनी बोरवेल या सबमर्सिबल पंप लगे हुए हैं और उन्हें हटाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी बताया कि दिल्ली नगर निगम ने एक आरटीआई अर्जी के जवाब में कहा है कि इमारत में छह बोरवेल लगे हुए पाए गए। वहीं, दरियागंज के एसडीएम ने आरटीआई अर्जी के जवाब में कहा है कि इमारत में तीन बोरवेल पाए गए थे,जिन्हें सील कर दिया गया है। अदालत ने एमसीडी,दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और इलाके के एसएचओ के उच्च अधिकारियों द्वारा संपत्ति का संयुक्त सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि इस तरह की गैरकानूनी हरकतों से पानी का स्तर लगातार गिरता जा रहा है,इसलिए हम आदेश देते हैं कि एमसीडी कमिश्नर,दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ और संबंधित थाने के एसएचओ द्वारा नियुक्त उच्च अधिकारियों की एक टीम इस इमारत का सर्वेक्षण करे।



# आतंकी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लेगी एनआईए

**● राणा की मंजूरी जरूरी, हेडली की मदद करने वाले 'इम्प्लॉई बी' को सामने बिठाकर होगी पूछताछ**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी रविवार को तीसरे दिन पूछताछ करेगी। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। एनआईए पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक कर्मचारी बी का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और कर्मचारी बी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक कर्मचारी बी को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। 10 अप्रैल को तहव्वुर को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। इसके बाद उसे 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए राणा ने अमेरिकी विदेश विभाग को 21 जनवरी को लेटर लिखा था, जिसमें 33 बीमारियों और भारत में टॉर्चर का हवाला दिया गया था। उसके वकील ने लिखा था कि राणा को पार्किंसन्स, दिल की बीमारी, किडनी खराबी, अस्थमा, टीबी और ब्लैडर कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियां हैं। साथ ही उसने दावा किया था कि राणा को भारत में मुस्लिम और पाकिस्तानी मूल का होने की वजह से प्रताड़ना झेलनी पड़ सकती है। लेकिन अमेरिकी विदेश विभाग ने 11 फरवरी को जवाब देते हुए इन दावों को खारिज किया और कहा कि प्रत्यर्पण सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार होगा। राणा को एनआईए मुख्यालय, लोधी रोड में हाई-सिक्योरिटी ग्राउंड फ्लोर की 14×14 फीट की सेल में रखा गया है। वह सुसाइड वॉच पर है और उस पर 24 घंटे गार्ड्स और सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। उसे केवल सॉफ्ट टिप पेन ही दिया गया है।